# मेरा खाटूवाला श्याम | by Gagan Sharma

भर देगा भण्डार वो तेरे भर देगा रे पल्ले
मेरा खाटूवाला श्याम कर देगा तेरी बल्ले बल्ले

खाटू नगरी बहुत प्यारी कहती दुनिया सारी है
भव सागर से सबकी नैया इसने पार उतारी है
सारे जग में गूँज रहे हैं श्याम नाम के हल्ले
मेरा खाटूवाला श्याम कर देगा तेरी बल्ले बल्ले

लाज बचाने वाले की जब भी जयकार लगाएगा
सोच से ज़्यादा और प्यारे उम्मीद से ज़्यादा पायेगा
धन दौलत माल ख़ज़ाने से भर देगा तेरे गल्ले
मेरा खाटूवाला श्याम कर देगा तेरी बल्ले बल्ले

जहाँ भी देखो आज सभी पर श्याम की मस्ती छायी है
श्याम नाम की मस्ती में ये गगन ने महिमा गाइ है
श्याम प्रेमी श्याम की धुन में हो गए है सब झल्ले
मेरा खाटूवाला श्याम कर देगा तेरी बल्ले बल्ले

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-gagan-sharma/